an>

Title: Regarding better management of parking time and fees for users at the premise of domestic and international airport at Ahmedabad, Gujarat.

श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा) : महोदया, गुजरात के अहमदाबाद में डोमेस्टिक और इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, परिसर में आने जाने के लिए निजी उपयोग करते हैं। वहां दो जगहों पर पार्किंग के लिए मूल्य भुगतान करना होता है। इसके लिए पार्किंग एरिया में फी-कलेक्शन केबिन की व्यवस्था है, थोड़े समय में दोनों जगहों पर पार्किंग के लिए नए काऊंटर लगया गया है, फ्यूल पार्किंग से करीब एक किलोमीटर दूर आगे आने के लिए एयरपोर्ट पर पार्किंग लगाया गया है, बाहर आने जाने में 15 मिनट लगता है। इससे यात्रियों को बड़ी असुविधा होती है, आने-जाने के लिए दो किलोमीटर चलना होता है और समय की अधिक बर्बादी होती है। ट्रैफिक के दौरान और अधिक समय लगता है। परिवार, बच्चों एवं बुजुर्ग यात्रियों और बहनों को बैठाने में समय लगता है, 15 मिनट के बाद एक मिनट भी ज्यादा होता है तो चार घंटे का भुगतान लेते हैं, इस वजह से करीब 60 रुपये देना होता है, इसका समय करीब एक घंटे किया जाए, यही मेरी विनती है।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती जयश्रीबेन पटेल को श्री डी.एस.राठौड़ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।